## बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम निगहरा में दोहरी हत्या से मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

# खेत की तकवारी करने वाले पति-पत्नी की हत्या, शरीर में धारदार हथियार के निशान

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

खेत में तकवारी करने वाले पति पत्नी की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई। दोनो के शरीर पर चोटो के निशान है जिसे देखकर प्रथम दृष्टया हत्या किया जाना प्रतीत होता है। दोहरी हत्या की यह घटना बड़वारा थाना अंतर्गत सुनहरा ग्राम का है। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। बड़वारा थाना की टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल का बारीकी से मुआयना कर दोनों शव अपने कब्जे में ले लिए। प्राथमिक पंचनामा कर आवश्यक प्रक्रियाओं के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। मृतकों की पहचान लल्लू राम कुशवाहा 40 और उनकी पत्नी प्रभा कुशवाहा लगभग 35 के रूप में हुई। शनिवार सुबह खेत पर बने घर में दोनो मृत पाए गए जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।



जानकारी के मुताबिक मृतक लाल्लू राम अपनी पत्नी प्रभा कुशवाहा बिजौरी के रहने वाले हैं। वे अपनी 13 वर्षीय पुत्री रश्मि के साथ सुनहरा ग्राम में संत कुमार श्रीवास के खेतों की रखवाली का काम करते थे। घटना के समय वहां अन्य लोगों की मौजूदगी नहीं होने की खबर है, जिससे जांच और भी गहन कर दी गई है।

बड़वारा थाना प्रभारी के. के. पटेल के अनुसार घर का दरवाज़ा अंदर से बंद नहीं था, सामान बिखरा पड़ा था और दोनों के शरीर पर लगने वाले घाव किसी हथियार के वार जैसे प्रतीत होते हैं। फोरेंसिक टीम ने खून के नमूने, पांवों के निशान और हथियार जैसी प्रतीत हो रही धातु के टुकड़ों को कब्जे में लिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। दोनों के शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। हत्या किस हथियार से हुई और घटना के पीछे क्या मकसद था इन तमाम पहलुओं पर पुलिस बारीकी से तहकीकात कर रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर फोरेंसिक व गवाहों से पूछताछ शुरू कर दी है। ग्रामीणों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर जांच केंद्रित कर दी गई है ताकि जल्द आरोपी पकड़े जा सकें और हत्या का कारण उजागर किया जा सके।

### पुलिस ने बढ़ाई पेट्रोलिंग

ग्रामीणों का कहना है कि दंपती शांत स्वभाव के थे और खेत की रखवाली करते थे कोई ठोस दुश्मनी की बात सामने नहीं आई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके आसपास के गांवों में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश शुरू कर दी है। खेतों, जंगलों और पगडंडियों पर पुलिस की अतिरिक्त पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।



## महापौर ने रैन बसेरा में निराश्रितों के लिए व्यवस्थाएँ दुरुस्त करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा (आश्रय स्थल) का आकस्मिक निरीक्षण कर वहाँ की समस्त व्यवस्थाओं का विस्तृत जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवास, सुरक्षा, स्वच्छता, बिस्तर, पेयजल, भोजन व्यवस्था तथा सर्दी से बचाव के सभी आवश्यक प्रबंधों को बारीकी से परखा।महापौर ने आश्रय स्थल में रुके हुए निराश्रितों से सीधा संवाद कर उनकी सुविधाओं एवं समस्याओं की जानकारी ली।

महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर में कोई भी निराश्रित खुले आसमान के नीचे रात बिताने के लिए मजबूर न हो। उन्होंने रैन बसेरा की निःशुल्क सुविधाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराने को कहा, ताकि अधिकाधिक जरूरत मंद लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि निगम की वाहन सेवा के माध्यम से निराश्रितों को सुरक्षित रूप से रैन बसेरा पहुँचाया जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण खुले में न रहे।

महापौर ने अधिकारियों से कहा कि आगामी ठंड को ध्यान में रखते हुए रैन बसेरा में गर्म कपड़ों, अतिरिक्त बिस्तरों, हीटिंग उपकरणों तथा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि अधिकारी समय-समय पर आश्रय स्थल की स्थिति का निरीक्षण करते रहें तथा किसी भी कमी का तुरंत दूर किया जा सके।

## खबर संक्षेप



### स्कूलों मे बाल दिवस के रूप मे मनाई नेहरू जयंती

**स्लीमनाबाद।** पंडित जवाहर लाल नेहरू की जन्म जयंती बहोरीबंद विकासखंड के सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों मे बाल दिवस के रूप मे मनाई गईं। देश के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू को याद किया गया। बाल दिवस के अवसर पर स्कूलों मे सांस्कृतिक व खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की गईं। विकासखंड के ज्ञान मंगलम पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल बिचुआ मे बाल मेला आयोजित हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संचालक सौरभ जैन एवं प्राचार्या सोहनी जैन द्वारा माँ सरस्वती एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बाल दिवस के उपलक्ष्य पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए साइंस एग्जीबिशन के अंतर्गत विद्यालय के होनहार छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए गए एवं उसके बारे में विस्तार से समस्त शिक्षकों एवं अभिभावकों को बताया गया। बाल मेले में विद्यालय की अधिकतर छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की व्यंजनों को तैयार कर उसका विक्रय किया एवं समस्त शिक्षक , शिक्षिकाओं की सहभागिता रही अभिभावक भी अधिकतर संख्या में उपस्थित रहे।

### कचरे के विभिन्न प्रकारों एवं सोर्स सेग्रीगेशन की दी गई जानकारी

**कटनी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा शनिवार को वार्ड क्रमांक 28 में डोर-टू-डोर कलेक्शन एवं सेग्रीगेशन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम ने वार्डवासियों को प्रेरित किया कि वे अपने घर का गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखें तथा निगम के कचरा वाहन के आने पर निर्धारित बॉक्स में ही डालें। इस अवसर पर लोगों को कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी गई तथा 4 प्रकार के कचरे की सही पहचान और अलग-अलग रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। अभियान के दौरान गीले कचरे के तहत सब्ज़ी, फल, भोजन आदि अवशेष तथा सूखा कचरा अंतर्गत प्लास्टिक, कागज़, धातु, बोतलें आदि की जानकारी दी गई। वहीं जैव अपशिष्ट सेनेटरी पैड डायपर आदि के साथ ही घरेलू हानिकारक कचरा बैटरी, बल्ब, ट्यूब लाइट, दवाईयों का अवशेष की जानकारी से अवगत कराया गया। इस दौरान रहवासियों को संदेश दिया गया कि सभी प्रकार के कचरे को अलग-अलग रखने से न केवल स्वच्छता बनी रहती है ,बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पुनर्चक्रण में भी सहयोग मिलता है।

### जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन



**उमरियापान।** महाविद्यालय सिलौंड़ी में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सतना पी.जी. कॉलेज की सहायक प्राध्यापक डॉ. रविता सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रभारी प्राचार्य रतिराम अहिरवार ने बिरसा मुंडा के कार्यों और स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. लक्ष्मी प्रसाद बागरी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर नेगई सरपंच रुग्गोबाई आदिवासी, पंकज मिश्रा, भूपेन्द्र कुमार शुक्ला,डॉ. हेमन्त कुमार चौरसिया, डॉ. सुदीपा जाना सहित महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

*अतिक्रमण एवं मनमानी पार्किंग की वजह से बन रहे जाम के हालात, जिम्मेदार नहीं दे रहे कोई ध्यान*

## रोजाना लग रहे जाम की समस्या से चालकों व राहगीरों की हो रही फजीहत

हरिभूमि न्यूज ⏩ उमरियापान

उमरियापान में प्रतिदिन जाम की समस्या लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। क्षेत्र की ऐसी कोई सड़क नहीं बची, जहां जाम की स्थिति न बनती हो। सड़क किनारे दोपहिया और चौपहिया वाहनों का अवैध पार्किंग करना जाम का प्रमुख कारण है। इसके अलावा, दुकानदारों द्वारा दुकान से बाहर तक कब्जा कर रखने से स्थिति और बदतर हो रही है। इस गंभीर समस्या पर स्थानीय प्रशासन का ध्यान न देना लोगों में नाराज़गी का विषय बना हुआ है।उमरियापान में न पार्किंग की कोई व्यवस्था है और न ही ट्रैफिक



नियंत्रण की। झंडा चौक, बस स्टैंड, आजाद चौक, बरातरे, स्लीमनाबाद रोड और मुख्य बाजार सहित अधिकतर मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें आम दृश्य बन गई हैं। रुक-रुककर लगने वाले जाम के कारण मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि वाहन चालक मनमर्जी से कहीं भी वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावनाएं लगातार बनी रहती हैं। झंडा चौक, अंधेली बाग, बस स्टैंड और मुख्य चौराहों पर अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम लगता है और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बाजारों में पार्किंग स्थल न होने के कारण लोग वाहनों के साथ ही खरीदारी करने को मजबूर हैं। बेतरतीब खड़े वाहनों की वजह से पैदल राहगीरों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। भारी वाहनों के गुजरने पर तो स्थिति और गंभीर हो जाती है। कई बार जाम के बीच एम्बुलेंस और जननी वाहन भी फंस जाते हैं, जिससे आपातकालीन सेवाओं पर सीधा असर पड़ता है।

## राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से काम करने का आव्हान



जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 3 पहाड़ी के आदर्श ग्राम बंडा में रविवार को नवांकुर संस्था साध्वी जन कल्याण समिति के संयोजन से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का आयोजन जनजातीय गौरव दिवस के रूप में किया गया। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रोस्पेक्टर समृद्धि बंडा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर परिषद विकासखंड कटनी के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी उपस्थित जनों से उनके जीवन से प्रेरित होकर राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था साध्वी जन कल्याण समिति की अध्यक्ष साध्वी निगम के द्वारा किया गया।

## नरवाई जलाने पर एफआइआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा नरवाई जलाने पर जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन के मामले में शुक्रवार शाम बाकल पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। मामला ग्राम पंचायत इमलिया के हल्का नंबर 2 से सामने आया, जहां नरवाई जलाने की शिकायत पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। ग्राम कोटवार अयोध्या प्रसाद ने पटवारी बिपिन पटेल द्वारा तैयार प्रतिवेदन और पंचनामा को बाकल थाना में प्रस्तुत करते हुए ग्राम सकरवारा निवासी सुदर्शन पिता रत्तू के खिलाफ नरवाई में आग लगाने का आवेदन दिया।

आवेदन में कलेक्टर द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन का स्पष्ट उल्लेख था। इस आधार पर बाकल थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत एफआईआर दर्ज की। सैटेलाइट मैपिंग रिपोर्ट (8 नवंबर) के आधार पर ग्राम सकरवारा प.ह. नं. 2 में संदिग्ध स्थान की जानकारी प्राप्त होने पर कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी एवं कोटवार ने मौके पर जांच की। जांच में पता चला कि खसरा नंबर 57, रकबा 3.48 हेक्टेयर में से 0.48 हेक्टेयर भूमि पर नरवाई में आग लगाई गई थी। खसरा नंबर बतसिया पिता रत्तू के नाम दर्ज है, परंतु उक्त भूमि पर खेती उनका पुत्र सुदर्शन पिता रत्तू करता है।

जांच टीम ने मौके पर पाया कि धान की फसल कटवाने के बाद सुदर्शन द्वारा नरवाई में आग लगाई गई थी। यह कृत्य कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के आदेशों के उल्लंघन तहत दंडनीय पाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नरवाई जलाने की घटनाओं पर शून्य सहनशीलता की नीति के तहत कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### सार्वजनिक मार्गों से घुमंतू मवेशियों को हटाने निगम की हांका टीम सक्रिय

**कटनी।** नगर में सड़क सुरक्षा एवं यातायात सुगमता को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा घुमंतू मवेशियों के विचरण पर नियंत्रण के लिए हांका टीम की कार्रवाई तेज कर दी है। शहर के प्रमुख मार्गों सहित भीड़-भाड़ वाले इलाकों मिशन चौक, कटाए घाट रोड, दुगड़ी नाला से कार्यालय कलेक्ट्रेट मुख्य मार्ग सहित नगर के अन्य स्थलों में निगम की हांका टीम द्वारा अभियान चलाकर सड़क पर घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि सार्वजनिक मार्गों में अचानक सड़कों पर आ जाने वाले मवेशियों के कारण वाहन चालकों को कठिनाई के साथ दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। ऐसी स्थिति को देखते हुए निगम प्रशासन द्वारा सख़्त रुख अपनाते हुए नियमित गश्त एवं त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था की गई है

*ढीमरखेड़ा में हुआ जन जातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम*

## भगवान बिरसा मुंडा ने मातृभूमि के गौरव और सम्मान की रक्षा करने के लिये अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास को देश के समक्ष लाने का अभियान चलाया है। आज पूरे देश में भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाई जा रही है। भगवान बिरसा मुंडा ने मातृभूमि के गौरव और सम्मान की रक्षा के लिये अपना सर्वस्व बलिदान दिया। भगवान बिरसा मुंडा का जीवन हम सबके लिए मार्गदर्शक है, हम उन्हें हृदय से स्मरण और नमन करते हैं।

यह बात धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष के उपलक्ष्य पर शनिवार को जिले के विकासखंड ढीमरखेड़ा के महात्मां गांधी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कही।

कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, जिला भाजपा अध्यलक्ष दीपक टंडन सोनी,



जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे सहित महेन्द्र कोरी, एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि गोहल, पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, जिला संयोजक आदिम जाति कल्यादण विमल चौरसिया, सीईओ यजुवेन्द्रव कोरी मौजूद रहे।

विधायक श्री सिंह ने कहा है कि जल, जंगल और जमीन का अधिकार जनजातीय समाज का मूल अधिकार है। इसे अंग्रेज उनसे छीनना चाहते थे। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार, अनाचार के खिलाफ जनजातीय समाज को खड़ा किया और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष व्यरर्थ न जाये, इसलिए उनके आदर्शों का अनुसरण करना होगा।

शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम ने भगवान बिरसा मुंडा के व्ययक्तित्व व कृतित्वा पर विस्तृपत प्रकाश डाला। वहीं जिला भाजपा अध्यजक्ष दीपक टंडन सोनी ने कहा कि मातृ भूमि की रक्षा के लिये भगवान बिरसा मुंडा का समर्पण भाव नमन योग्य है।

जिला पंचायत की सीईओ ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन मात्र 25 साल का रहा और इतनी कम उम्र में ही उन्हों ने अंग्रेजों के खिलाफ मुहिम चलाई। वे साहस के प्रतीक रहे हैं। सुश्री कौर ने कहा कि उनके जीवन से सीखें, आगे बढ़ें और प्रकृति को बचायें।

कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बरगवां की छात्राओं ने करमा नृत्यढ और अनुसूचित जनजाति कन्याच छात्रावास ढ़ीमरखेड़ा की छात्राओं ने मनमोहक आदिवासी नृत्यु की प्रस्तुचति दी।

कार्यक्रम के दौरान दो हितग्राहियों को स्ववरोजगार हेतु भगवान बिरसा मुंडा स्वयरोजगार योजनांतर्गत ऋण राशि प्रदान की गई। इसके अलावा मेधावी छात्रों और लाड़ली लक्ष्मीा योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।


विकासखंड ढीमरखेड़ा के महात्मान गांधी मैदान में आयोजित जिला स्तारीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की लगी प्रदर्शनी लोगों के जनाकर्षण का केंद्र रही ।

## कनौजा ग्राम में आदिवासी कला -नृत्यों ने लोगों को किया मोहित

# बिरसा मुंडा जैसे क्रांतिकारी हर घर में बनने की है जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏩ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम कनौजा में बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती मनाई गई।इस अवसर पर सर्वप्रथम बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर आदिवासी संस्कृति के आधार पर हल्दी चावल का तिलक वंदन कर पुष्प अर्पित किये एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी के छायाचित्र सहित अन्य महापुरुषों को भी पुष्प अर्पित कर याद किया। कार्यक्रम का संचालन तिरु. देवीसिंह कुलस्ते द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत स्वरुप पीला गमझा भेंट कर अभिवादन किया। मंचासीन कार्यक्रम पर आदिवासी कला नृत्यओ की शानदार प्रस्तुति दी गई। बेटियों ने तरह-तरह के आदिवासी





गीतों के माध्यम से आदिवासी संस्कृति बचाने का सन्देश दिया।

कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आदिवासी नेता एवं अतिथी शिरकत किये। प्रदेश अजाक्स के सयुक्त सचिव सोहन लाल चौधरी ने अपने उद्बोधन में बिरसा मुंडा जैसे क्रांतिकारी हर घर में बनाने की बात कहीं, बिरसा मुंडा आदिवासी समुदाय के उस समय महानायक थे। जिन्होंने अकेले खुद के दम पर अंग्रेजो से लोहा लिया था। उन्होंने ब्रिटिश सरकार को खदेड़कर जल जंगल जमीन की रक्षा की थी।पहले आदिवासियों पर अंग्रेज अत्याचार किया करते थे वैसे ही अब भी आदिवासियों पर अत्याचार हो रहे है। कहीं उनकी जमीनो पर कब्ज़ा किया जाता है तो कहीं उनके खिलाफ अमानवीय कृत्यों को अंजाम दिया जा रहा है।यह सिल सिला तब तक जारी रहेगा जब तक आप सब बिरसा मुंडा जैसे क्रांतिकारी अपने युवाओ को न बना देंगे। बिरसामुंडा अकेले ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ाई लड़कर करोडो आदिवासियों को अंग्रेजो से मुक्ति दिलाई थी।भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष चंद्रभान बौद्ध एवं विजय पटेल ने भी आदिवासी समुदाय को सम्बोधित करते हुए एकजुट होकर पाखंडवाद और जातिवाद से लड़ाई लड़ने की बात कहीं।अपने सम्बोधन में कहीं कि एससीएसटी एवं ओबीसी एकजुट होकर भाईचारा बनाकर हो रहें अन्याय अत्याचार की लड़ाई लड़ेंगे।

स्लीमनाबाद हरदुआ में भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जहाँ बड़ी संख्या में महिला पुरुषो की मौजूदगी रही। शोभायात्रा में भगवान बिरसा मुंडा की झांकी बनाकर रथ में सवार कर निकाली गई, जो स्लीमनाबाद तिराहे में डीजे बाजे एवं आतिशबाजी कर आदिवासी नृत्यों में लोग झूमते दिखाई दिये। स्लीमनाबाद तिराहे से होकर शोभायात्रा पुलिस थाना के पास हरदुआ आदिवासी भवन पर उद्बोधन कार्यक्रम में तब्दील हुई। जहाँ मौजूद वक्ताओ ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

## हाइवे के ढाबों में आबकारी विभाग की दबिश, 30 हजार की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

आबकारी अमले ने बहोरीबंद अंतर्गत ग्राम निटर्रा, करहिया, बिलहरी, मतवारी में दबिश दी गई। दबिश की कार्यवाही में 15 पाव देशी मदिरा और दो लीटर हाथ भट्टी मदिरा,195 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर जब्त किया गया। जब्त सामग्री की कीमत 30 हजार 600 रुपए है। कार्यवाही के दौरान म.प्र. आबकारी एक्ट के तहत चार प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि आबकारी की टीम द्वारा पिपरौध, तेवरी एवं स्लीमनाबाद नेशनल हाईवे के समीप ढाबों पर सघन जांच अभियान चलाया जाकर एक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस दौरान ढाबा संचालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि विशेषकर रात के समय ढाबों एवं सार्वजनिक स्थलों पर मदिरा पान व



अवैध शराब विक्रय संबंधी कोई भी ऐसी गतिविधि संचालित न की जावे। कार्यवाही में आबकारी वृत बहोरीबंद प्रभारी,आबकारी उप निरीक्षक केशव उइके, वृत स्लीमनाबाद प्रभारी, उपनिरीक्षक अतुल कुटार सहित अन्य आबकारी स्टाफ कार्यवाही के दौरान मौजूद रहा। आबकारी अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों में विभाग की टीम द्वारा निगरानी की जा रही है।

खबर संक्षेप

## चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

**कटनी।** कुंदनदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी में चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता और सीएम राईज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल कटनी में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ''प्रत्येक बच्चे तक न्याय की पहुंच'' था। कुंदनदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में श्रुति बर्मन ने प्रथम, विद्या सिंह ने द्वितीय और माही बर्मन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि निबंध प्रतियोगिता में पलक बर्मन ने प्रथम, प्रीति नथानी ने द्वितीय और संध्या पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में श्रीमती आराधना तिवारी पैरालीगल वालेंटियर का विशेष सहयोग रहा। इसी क्रम में सीएम राईज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल कटनी में चित्रकला प्रतियोगिता में देव्यांशी तिवारी ने प्रथम, पलक गौटिया ने द्वितीय, रजनी चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्राचार्य अजय शंकर पाण्डे, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. धीरेन्द्र कुमार अग्रवाल, क्राफ्ट टीचर श्रीमती शालिनी बर्मन एवं श्रीमती अंजू रेखा तिवारी अधिवक्ता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत सुमित शर्मा जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोपेश गर्ग, सुश्री सिल्की कौर जुरेजा न्यायाधीशगण ने समस्त बच्चों को प्रोत्साहित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड तथा प्रमाण पत्र वितरित सम्मानित किया।

## विद्युत खपत को कम करने हेतु करें कारगर उपाय



**कटनी।** नगर निगम की सड़क प्रकाश व्यवस्था एवं विभिन्न कार्योलयों, प्लांटों तथा स्कूलों में प्रतिमाह होनें वाले विद्युत व्यय को कम करनें की दिशा में आवश्यक एवं कारगार उपाय किये जाए। मुख्य मार्गो की विद्युत व्यवस्था संधारण हेतु शत प्रतिशत स्थलों में टाइमर के साथ ही अनुपयोगी विद्युत के प्वाइंटों चिन्हित करते हुए प्राथमिकता से बंद करानें की कार्यवाही की जाए। उक्त निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने आयोजित विद्युत विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। निगमायुक्त ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि निगम के विद्युत खपत नियंत्रण हेतु पुरानें मीटरों के बदलकर नवीन स्मार्ट मीटर की स्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि वास्तविक रीडिंग के आधार पर विद्युत बिल का भुगतान हो सके। उन्होंने आवश्यकता एवं लोड के अनुसार थ्री फेस कनेक्शन की जगह सिंगल फेस कनेक्शन की कार्यवाही करने के साथ ही चिन्हित 19 अनुपयोगी विद्युत कनेक्शनों के विच्छेदन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### दद्दाजी की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ा लाखों श्रद्धालुओं का जनसैलाब

# दद्दा धाम बना अध्यात्म व आस्था का विशाल तीर्थस्थल

हरिभूमि न्यूज कटनी

झिंझरी स्थित दद्दा धाम में गृहस्थ संत परम पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री 'दद्दाजी' की विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा का पाँच दिवसीय महोत्सव भक्तिभाव का ऐसा अद्वितीय पर्व बन गया, जिसने पूरे वातावरण को दिव्यता से भर दिया। देश के कोने-कोने से उमड़े श्रद्धालुओं के अथाह सागर ने इस आयोजन को एक अलौकिक आध्यात्मिक उत्सव का रूप दे दिया।दद्दाजी की वाणी और उपदेशों के प्रति अटूट आस्था ही वह धागा थी, जिसने महोत्सव के पाँच दिनों में पहुँचे लगभग 7 लाख श्रद्धालुओं को एक ही भाव-धारा में पिरोए रखा। केवल अंतिम दिन ही करीब 1.35 लाख भक्तों का जनसागर उमड़ पड़ा, जिससे यह आयोजन क्षेत्र के सबसे विराट आध्यात्मिक समागमों में दर्ज हो गया।

विशालता, उल्लास और गहन भक्ति से गूँजते इस पर्व में मंदिर परिसर मंत्रोच्चार और भाव-विभोर श्रद्धा से भर उठा। यह वे क्षण थे जिनकी प्रतीक्षा दद्दाजी के भक्त बरसों से कर रहे थे, और जिन्होंने उनकी आस्था को एक अविस्मरणीय दिव्यता में रूपांतरित कर दिया।अभूतपूर्व जनसमर्थन के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए महोत्सव के मुख्य आयोजक, दद्दाजी मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक और दद्दाजी के अनन्य भक्त संजय सत्येंद्र पाठक ने कटनी की जनता, स्थानीय प्रशासन, संतसमाज और प्रत्येक श्रद्धालु को इस ऐतिहासिक महोत्सव को सफल बनाने में उनके अमूल्य सहयोग के लिए धन्यवाद अर्पित किया।



उन्होंने बताया कि मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, गोविंद सिंह राजपूत सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने दद्दाजी के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा प्रकट करते हुए कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज की। संजय सत्येंद्र पाठक ने विशेष रूप से प्रशासन और पुलिस विभाग के उन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की, जिन्होंने पूरे मन, परिश्रम और निष्ठा से इस विराट आयोजन को निर्विघ्न और सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'दद्दाजी की शिक्षाओं के प्रति लोगों की अटूट आस्था महोत्सव के हर पल, हर दृश्य और हर भाव में झलक रही थी।' उन्होंने यह घोषणा भी की कि अब प्रतिवर्ष प्राण-प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर इसी भव्यता और उत्साह के साथ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

महोत्सव के दौरान दद्दा धाम एक जीवंत और दिव्य आध्यात्मिक केंद्र में परिवर्तित हो गया। इस पावन अवसर पर 20 से अधिक पूज्य संत और अध्यात्मिक गुरु उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की गरिमा और भक्ति-भाव को और ऊँचाई दी। मंदिर परिसर में पवित्र मंत्रोच्चार, रुद्राभिषेक, पार्थिव शिवलिंग निर्माण, कलश यात्रा, हवन, अभिषेक, आरती, भजन, कथावाचन और पूर्णाहुति जैसे विविध अनुष्ठानों की भव्य गूँज फैली, जिसने दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं के हृदयों में आध्यात्मिक उमंग भर दी। संत उत्तम स्वामी, संत फ्लाइट बाबा, संत माधव शरण, संत आनंद गिरी सहित अनेक पूज्य संतों की उपस्थिति ने महोत्सव के वातावरण को और भी दिव्य बना दिया। उनके पावन आशीर्वाद और उपस्थिति ने भक्तिभाव की भव्यता को चरम पर पहुँचाया और दद्दा धाम को एक अद्वितीय आध्यात्मिक महोत्सव का स्वरूप प्रदान किया।

इस भव्य समारोह में दद्दाजी के प्रमुख भक्तों के साथ-साथ देशभर से आए एक दर्जन से अधिक राजनीतिक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने आयोजन की भव्यता और बढ़ा दी। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, सांसद वी.डी. शर्मा और विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह सहित अनेक नेता इस पावन अवसर पर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अभिनेता अशुतोष राणा और राजपाल यादव ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट की। इस संगम ने महोत्सव के वातावरण को और भी दिव्य और प्रेरणादायक बना दिया।विशाल जनसागर का सहज और व्यवस्थित रूप से स्वागत करने के लिए दद्दाजी शिष्य मंडल और दद्दाजी मंदिर निर्माण समिति ने हर पहलू की बारीकी से व्यवस्था की।

मंदिर परिसर में रहने की सुविधाओं, विशाल भंडारों, तत्पर स्वयंसेवकों और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई थी। सूर्योदय से लेकर देर शाम तक मंदिर परिसर मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और लाखों श्रद्धालुओं की सामूहिक भक्ति से जीवंत बना रहा, और इस प्रकार महोत्सव पाँच दिवसीय एक अभूतपूर्व आध्यात्मिक पर्व में परिवर्तित हो गया।



## जनजातीय गौरव दिवस पर बच्चों को स्वेटर की वितरित

हरिभूमि न्यूज कटनी

जनजातीय गौरव दिवस ग्राम पंचायत मड़ई में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी कटनी द्वारा मानव जन सेवा कर बहुत ही। हर्ष उल्लास से मनाया गया सर्वप्रथम बिरसा मुंडा की छवि पर माल्यार्पण व तिलकवंदन किया बारडोली के सदस्य।एवं आदि कर्म योगी। गनपत लाल कोल ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय संक्षेप म उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा जी का जन्म 15 नवंबर 1875 को वर्तमान झारखंड राज्य के खूंटी जिले के उलिहातू गाँव में हुआ था। उन्होंने जर्मन मिशन स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की, जहाँ उन्होंने आदिवासियों पर हो रहे अन्याय को महसूस किया। उन्होंने आदिवासियों को संगठित कर ब्रिटिश सरकार की दमनकारी नीतियों, जमींदारी प्रथा और मिशनरियों के प्रभाव के खिलाफ आवाज़ उठाई। उनके आंदोलन का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों को उनकी जमीन और अधिकार वापस दिलाना था। वह एक आध्यात्मिक व्यक्ति थे और अपने समुदाय में एक दिव्य पुरुष के रूप में उभरे, जिन्होंने आदिवासियों को आत्म-सम्मान और संघर्ष की ताकत दी। 9 जून 1900 को रांची जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई थी इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आदिवासी नृत्य स्वाति बर्मन सरिता बर्मन द्वारा किया गया जो परंपरा को दर्शाता है। ग्राम मड़ई सरपंच कल्पना विजय सिंह ने बताया कि उनके जन्मदिन, 15 नवंबर को भारत में हर साल 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। आंगनवाड़ी के बच्चों को स्वेटर वितरित किया जो मानव सेवा की मिशाल है हम सभी संस्था के अध्यक्ष रामलखन चौधरी को बहुत धन्यवाद देते है जो मानव सेवा में हमेशा आगे रहते है।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक का हुआ आयोजन

## जलाशयों से किसानों को पानी देने एवं नहरों की मरम्मत के दिये दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज कटनी

किसानों द्वारा वर्तमान में रबी की फसल की बुवाई का काम किया जा रहा है। ऐसे में किसानों को सिंचाई के लिये कृषकों की मांग और जरूरत के मुताबिक जल संसाधन विभाग के जलाशयों से पानी नहरों से उपलब्ध कराया जाय। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में दिये।



बैठक में बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, और कार्यपालन यंत्री जल संसाधन व्ही. ए. सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री पीएचई पवनसुत गुप्ता, परियोजना अधिकारी उद्यानिकी एसआर त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री एमपीईबी और जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।

बैठक में बड़वारा विधायक श्री सिंह ने सिमड़ार जलाशय की टूटी हुई एलबीसी नहर लाइन के मरम्मत एवं सुधार कार्य और दतला एवं लोखान जलाशय के नहरों में किये गये अतिक्रमण को हटाने की बात रखी। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने कार्यपालन यंत्री जलसंसाधन को इस दिशा में त्वरित प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बैठक में निर्देशित किया कि सिंचाई विभाग के समस्त जलाशयों की नहरों से रबी फसल की सिंचाई हेतु 1 दिसंबर से कृषकों की मांग के अनुसार नहरों से पानी की आपूर्ति की जाय। उन्होंने कहा कि यदि किसी जलाशय से लगी नहरों के कृषकों द्वारा इसके पूर्व भी पानी की मांग की जाती है तो जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती कौर से अनुमति लेकर किसानों के खेतों में नहरों से पानी प्रदाय किया जाय। कलेक्टर श्री तिवारी ने ढ़ीमरखेड़ा क्षेत्र के पहरूआ जलाशय के सुधार एवं मरम्मत कार्य हेतु प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़वारा विधानसभा के अंतर्गत महानदी में श्रृंखलाबद्ध बैराज निर्माण कार्य की डीपीआर तैयार कर राज्य शासन को शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री जल संसाधन को दिये।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत



खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव के दौरान कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, भाषण, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य और विज्ञान मेला प्रदर्शनी सहित कुल 07 प्रमुख विधाओं में प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। जिले के अनेक प्रतिभाशाली युवाओं ने अपनी सृजनात्मकता, कला और नवाचार का प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने विज्ञान मेला प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रतिभागियों से संवाद किया और उनके वैज्ञानिक मॉडलों व नवाचारों की सराहना की।समापन सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। लोकगायन प्रथम कृष्ण कला एवं समूह 2. लोकनृत्य द्वितीय श्रमदान वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय 3. कहानी लेखन प्रथम दीपिका द्विवेदी4. कविता लेखन प्रथम चंचल विश्वकर्मा 5. कविता लेखन द्वितीय सौरभ विश्वकर्म 6. चित्रकला प्रथम पलक सोनी 7. चित्रकला द्वितीय श्रेया बहल 8. भाषण प्रथम अर्शिका गौतम 9. भाषण द्वितीय अनन्या खम्परिया 10. विज्ञान मेला प्रथम सुप्रिया पटेल रही।

## विधायक पांडेय ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में किया पुस्तकालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज स्लीमनाबाद

विकासखण्ड मुख्यालय बहोरीबंद स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर पुस्तकालय का शुभारंभ विधायक प्रणय पांडेय के द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के बिना मानव जीवन का उत्थान नही है।शिक्षा से ही सर्वागीण विकास होता है। शिक्षा के नाम पर भेदभाव खत्म कर शिक्षा मैं एकरूपता कायम करना जरूरी है ताकि शिक्षा प्राप्त कर रही बालिकाओं का मनोबल बढ़े क्योंकि शिक्षा चरित्र निर्माण पर सहायक होती है।इसलिए सरकार द्वारा शिक्षा का अधिकार दिया गया है।



छात्रावासी बालिकाओं में भाषा ज्ञान और साहित्य बोध बढ़ाने और पढ़ने की रुचि विकसित करने में पुस्तकालय कारगर साबित होंगे।शिक्षा के प्रति बालिकाओं की रुचि अधिक बढ़ेगी।

इसके लिए जवाबदेही का भी निर्वहन करें।जिससे पुस्तकालयों मैं छात्रावासी विद्यार्थियों के लिए सरल, सुपाठ्य, उत्कृष्ट और प्रेरक साहित्य और भाषा ज्ञान, बौद्धिक व व्यक्तित्व विकास सहित सामान्य ज्ञान की पुस्तकों का चयन किया गया है जिसके बेहद सफल, सुखद और उत्साहजनक परिणाम सामने आएंगे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार, वार्डन प्रीति चतुर्वेदी सहित विद्यालय स्टाफ सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

### बहोरीबंद विकासखंड के 31 हजार 907 उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत, सरचार्ज में छूट का मिलेगा लाभ

## जनजागरूकता रैली निकाल उपभोक्ताओं को समाधान योजना दी गईं जानकारी

हरिभूमि न्यूज स्लीमनाबाद

समाधान योजना के तहत बिजली कंपनी ने बड़े बकायादार उपभोक्ताओं को सरचार्ज में बड़ी राहत दी है। इस योजना से बहोरीबंद विकासखंड के 31 हजार 907 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा, जिन्हें पैनल्टी में 4 करोड़ रुपए की छूट दी जाएगी। समाधान योजना के तहत बिजली उपभोक्ता सरचार्ज का लाभ लें सकते है!समाधान योजना के तहत उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी देने विद्युत वितरण केंद्र तेवरी में विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारियो द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली गईं। रैली निकाल बिजली उपभोक्ताओं को जानकारियां दी गईं। तेवरी विद्युत वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता कुलदीप सैयाम ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर तीन माह से अधिक बिल बकाया है, उन्हें समाधान योजना का लाभ दिया जा रहा है। एक मुश्त भुगतान करने वाले घरेलू उपभोक्ता और किसानों का सरचार्ज 100 प्रतिशत माफ किया जाएगा। जबकि इंडस्ट्रीज पर 25 प्रतिशत और कमर्शियल उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत के सरचार्ज की छूट दी जाएगी।बड़े बकायादार उपभोक्ताओं को एक मुस्त और किस्तों में बिल का भुगतान करने की राहत दी गई है। एक साथ बिल जमा न करने पर उपभोक्ता की 6 किस्त जारी की जाएंगी जो उसे हर महीने भरनी होगी। किस्त पूरी होने के बाद ही संबंधित उपभोक्ता को सरचार्ज में छूट दी जाएगी। यदि किसी कारणवश उसकी किस्त जमा नहीं होती तो समाधान योजना के तहत मिलने वाली सरचार्ज की छूट से उसे वंचित कर दिया जाएगा।



विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अभिषेक गढ़ेवाल ने बताया कि यह योजना दो चरणों में प्रारंभ की गई है। प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक रहेगी। जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसी तरह अंतिम चरण एक जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। इसमें 50 से 90 फीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। पहले चरण में सौ फीसदी लाभ तो दूसरे में सरचार्ज में मिलने वाली छूट को 10 प्रतिशत तक घटाया जाएगा।समाधान योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में पंजीयन कराना होगा।

### शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिये आवश्यक निर्देश

## उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ करें समन्वित प्रयास

हरिभूमि न्यूज कटनी

जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता में परिणामोन्मुखी सुधार के लिए डाइट और शिक्षा विभाग समन्वित रूप से मजबूत दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रही।



कलेक्टर ने अपार आईडी बनाने के लिए स्कूलों में आधार केंद्र लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र वर्तमान में उपलब्ध नहीं है, उन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र शाला को प्राप्त आकस्मिक निधि का उपयोग करते हुए लोक सेवा केंद्र के द्वारा बनवा कर शत-प्रतिशत अपार आईडी बनवायें। कलेक्टर ने ड्रॉप बॉक्स के बच्चों का कार्य पूर्ण कर मैपिंग पूर्ण करने के साथ विद्यालयों में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में तीन-तीन शालाओं को निपुण शाला बनाने हेतु निर्देशित करते हुये अधिक प्रयास की आवश्यकता वाली शालाओं के अकादमिक उन्नयन हेतु प्रत्येक शाला में मेंटर की जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्य योजना बनाकर सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही डाइट फैकल्टी को अकादमिक तथा मॉनिटरिंग की कार्य योजना बनाकर आवश्यक प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने ऑनलाईन एजुकेशन फॉर स्कूल्स एण्ड हॉस्टल के लिए वन चैनल-वन सबजेक्ट-वन डिसट्रिक्ट वीडियो सेलेक्ट करने के निर्देश दिए।

### बनेंगी ई-लायब्रेरी

बैठक में नवाचार के तहत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में ई-लाइब्रेरी की स्थापना से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने फर्नीचर की कमी वाले विद्यालयों में डीएमएफ से फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित करते हुये कहा कि विद्यालयो को प्राप्त राशि से विद्यालय का जीर्णोद्धार व रंग-रोगन कराने के निर्देश दिए। बैठक में प्रशासनिक व्यवस्था के साथ-साथ अकादमिक पर जोर देते हुये जिले की मॉनिटरिंग, संबधित एकीकृत प्रोफार्मा तैयार करने की जिम्मेदारी डाइट कटनी को दी गई।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने स्कूलों में नामांकन और पाठ्यपुस्तक वितरण के कार्य पर संतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने यूनिफॉर्म, चाइल्ड ट्रैकिंग एप, यू-डाइस पोर्टल, अपार आईडी, निपुण भारत, नवभारत साक्षरता, सांदीपनि तथा पीएम श्री विद्यालय के संबंध में भी विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह मरावी, जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी, प्राचार्य डाइट एमपी डुंग डुंग, सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरी, अभय जैन, बीईओ कटनी सुश्री धनश्री जैन, एपीसी सुबरन सिंह, अनिल त्रिपाठी, रामभूषण अग्निहोत्री, प्रतिभा गर्ग, प्रीति सिंह, समस्त बीआरसीसी, सांदीपनि तथा पीएमश्री विद्यालयों के प्राचार्य, डाइट अकादमिक प्रभारी राजेंद्र असाटी व ब्लॉक साक्षरता सह समन्वयक उपस्थित रहे।

## महापौर ने डामर सड़क का किया निरीक्षण करके गुणवत्ता एवं मजबूती का जायजा लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने वीर सावरकर वार्ड में हाल ही में लगभग 70 लाख की लागत से नवनिर्मित डामर सड़क के निरीक्षण के दौरान सड़क की फिनिशिंग, डामर की मोटाई, लेवलिंग, रोलिंग गुणवत्ता तथा सड़क के दोनों किनारों की संरचनात्मक मजबूती के निर्देश दिए।



महापौर श्रीमती सूरी ने आधार काप शंकर मंदिर के पास एवं संतोषी माता मंदिर से राजेश दुबे के घर तक की नव निर्मित सड़क का निरीक्षण करते हुए कहा कि अच्छी सड़कें नागरिकों की सुविधा और सुरक्षित आवागमन के लिए महत्वपूर्ण हैं, इसलिए गुणवत्ता मानकों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से सड़क की सतह की समरूपता, जॉइंटिंग, ढलान एवं सब-बेस क्वालिटी की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क किनारे नालियों एवं जल निकासी व्यवस्था का भी अवलोकन किया।

स्थानीय नागरिकों ने नवनिर्मित सड़क को वार्ड के लिए बेहतर सुविधा बताते हुए महापौर श्रीमती प्रीति सूरी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सड़क तैयार होने से क्षेत्र में आवागमन काफी सुगम हुआ है। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने नाली सफाई के दौरान क्षतिग्रस्त होने की सूचना दिये जाने पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को नाली की मरम्मत कराने तथा सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने निर्देश दिए।

निरीक्षण में पहुंची महापौर ने अधिकारियों को कटनी आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज पहुंच मार्ग का रेस्टोरेशन कराने के साथ ही यह भी निर्देशित किया कि शहर में होने वाले सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

खबर संक्षेप

## मयंका चौरसिया का डीएसपी पद पर चयन, चौरसिया समाज ने किया भव्य सम्मान

**छतरपुर।** चौरसिया समाज की होनहार बेटी मयंका चौरसिया के डीएसपी पद पर चयन होने पर समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी खुशी और गर्व को व्यक्त करते हुए समाजजनों ने संस्कार वाटिका में उनका भव्य स्वागत और सम्मान किया। सम्मान समारोह के दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज, पुष्प वर्षा और पारंपरिक अंदाज़ में स्वागत ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। मयंका चौरसिया को पुष्प गुच्छ, शॉल, श्रीफल और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। चौरसिया समाज की मातृशक्ति ने भी मंच पर आकर मयंका का अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में चौरसिया समाज के जिलाध्यक्ष ब्रजेश चौरसिया, माणिक चौरसिया, अमरदीप चौरसिया, रनछौर चौरसिया सहित समाज के सभी वर्गों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने मयंका की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम के अंत में समाजजनों ने मयंका को आगे की सेवाओं के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वे अपने प्रदेश का नाम और भी ऊँचा करेंगी।

## बकरियां चराने गए चरवाहे पर तेंदुए ने किया हमला

**बड़ामलहरा।** थाना क्षेत्र के घिनौची जंगलों में एक चरवाहे पर तेंदुए द्वारा हमला किए जाने की घटना सामने आई है। घायल चरवाहे को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल चरवाहे की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम रजपुरा निवासी दीनदयाल यादव घिनौंची पहाड़ पर दूल्हादेव के पास बकरियां चरा रहा था तभी उसकी एक बकरी को तेंदुए ने दबोच लिया।

### कार्यवाही न होने से सूदखोरों के बढ़े हौसले, शिकायत करने नहीं आ रहे पीड़ित समने

# बिना लाइसेंस सूदखोरी चरम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

बैंकों से ऋण लेने की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि मजलूमों को सूदखोरों के आगे अपनी पगड़ी उतारनी पड़ रही है, जो कई गुना ब्याज लेने के साथ किसानों के खेतों पर भी कब्जा कर ले रहे हैं। हटा क्षेत्र में अधिकतर लोगों का रोजी-रोटी का साधन खेती किसानी है, समय से खाद, बिजली व पानी नहीं मिल पाने के कारण फसल धोखा दे देती है। सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने में लोग शादी-विवाह के अवसरों पर सूदखोरों के यहां अपने जेवरात गिरवी रख देते हैं या अधिक ब्याज पर कर्ज ले लेते हैं। इसके बाद साहूकार चक्रवृद्धि ब्याज लगाकर इतना कर्ज लाद देते हैं कि उसे अदा करने में किसानों के खेत तक बिक जाते हैं। सूदखोर पहले से ही ऐसे आसामियों पर निगाह केंद्रित कर लेते हैं। अब तो 'बीसी' या डायरी के नाम पर भी बड़े पैमाने पर खेल किया जा रहा है। शहर में सूदखोरी के कारोबार ने आधुनिक रूप ले लिया है। यहां अब प्रभावशाली और अपाराधिक छवि के लोग डायरी सिस्टम से लोगों को 10 से 20 प्रतिशत की ब्याज दर पर कर्जा दे रहे हैं। फिर हर दिन लोगों से वसूली करते हैं।




### अपराध की तरफ बढ़ रहा शहर

सूदखोरी का कारोबार अवैध तरीके से करना अपराध की श्रेणी में आता है। एक निश्चित ब्याज दर पर रुपए का लेन-देन करने के लिए लाइसेंस की व्यवस्था है, लेकिन हटा में बिना लाइसेंस के कई पूंजीपति 10 से 20 और 30 प्रतिशत तक की ब्याज दर पर लोगों को कर्ज बांटते हैं। सूदखोरी के इस कारोबार के कारण ही जुआ और सट्टा जैसे अपराध में लोग लिप्त होकर बर्बाद हो रहे हैं।

### साहूकारी के लिए अनिवार्य है लाइसेंस

साल 2011 में मप्र मंत्रि-परिषद् में मध्यप्रदेश साहूकार अधिनियम, 1934 में संशोधन करने का निर्णय लेते हुए यह फैसला किया गया था कि साहूकारी के लिए लायसेंस लेना अनिवार्य होगा। गैर लायसेंसी साहूकारों द्वारा दिए गए ऋण कानून बनाकर शून्य करने और लायसेंसी साहूकारों द्वारा दिए जाने वाले कृषि ऋण पर ब्याज दर का निर्धारण करने के लिए वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अधिनियम में संशोधन के साथ ही यह भी तय किया था कि लायसेंसी साहूकार द्वारा दिए गए ऋणों पर दिए जाने वाले ब्याज की दर भी निश्चित हों। इस अधिनियम के लागू हो जाने के 14 साल बाद भी यह प्रभावशील नहीं हो पाया है।

### पैसे के हिसाब से सूद

लोग कारोबार को बढ़ाने, व्यापार प्रारंभ करने और कभी-कभी घर की जरूरतों को पूरा करने के लिए सूद पर रुपया उधार लेते हैं। एक दिन, एक सप्ताह या एक महीना के लिए कारोबारी लोगों को अधिक ब्याज पर धर्मराज रुपया उधार देते हैं। रकम के हिसाब से भी सूद की दर तय होती है। कम रुपया लेने पर अधिक ब्याज देना पड़ता है। कम राशि कम दिनों के लिए लेने पर पांच से दस प्रतिशत प्रति सैकड़ा के हिसाब से ऋण लिया जाता है। अधिक राशि लेने पर ब्याज की दर तीन प्रतिशत प्रति सैकड़ा होती है। सूदखोर इस कारोबार को बड़ी सर्तकता से चला रहे हैं, बगैर परिचित लोगों सूद पर पैसा कथित अवैध कारोबारी द्वारा नहीं दिया जाता है।

### सूदखोरों का मजबूत नेटवर्क

शहरी से ग्रामीण क्षेत्रों तक सूदखोर का मजबूत नेटवर्क बना हुआ है। ये लोग जरूरतमंदों को फंसाने के लिए हर जगह अपना आदमी खड़े रखते हैं। अधिक राशि सूद पर लेने वाले लोग कई बार समय पर रुपया वापस नहीं कर पाते तो, सूदखोर हर हथकंडा अपना कर रुपया वापस लेने में सफल हो जाते हैं। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में यह कहावत प्रचलित है कि भगवान सूदखोर से बचाए। समाज में आज भी सूदखोर को अच्छी नजर से नहीं देखा जाता है। सुबह-सुबह सूदखोर के दर्शन को कई लोग आज भी अशुभ मानते हैं। धार्मिक दृष्टिकोण से भी सूद से पैसा कमाने के धंधे को अच्छा नहीं माना गया है।

# सामूहिक लोक नृत्य में जबेरा महाविद्यालय ने जीता पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय सागर में आयोजित युवा उत्सव में विभिन्न विद्यालयों के लिए युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जबेरा महाविद्यालय ने सामूहिक लोक नृत्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस उपलब्धि पर जबेरा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर कमल चौरसिया ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आप सभी युवा पीढ़ी वायु के समान है। उसी गति से आपको आगे बढ़ाना है और ऊंचाइयों को प्राप्त करना है। इस प्रतियोगिता में डॉक्टर रश्मि तिवारी डॉक्टर विनय रैकवार ने दलनायक के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। यह उपलब्धि जबेरा महाविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जो यह साबित करती है कि महाविद्यालय के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने में सक्षम है। महाविद्यालयके छात्रों की इस उपलब्धि से क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। यह उपलब्धि आगे भी आने वाले समय में प्रति भागियों के लिये इसी तरह की उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

# बकेनी में मनाई भगवान बिरसा मुंडा जयंती

**पथरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसा कलां द्वारा किशुनगंज सेक्टर ग्राम बकेनी में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, जनजातीय गौरव दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पमाला अर्पित कर किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्व सहायता समूह की अध्यक्ष गोमती बाई आदिवासी, विकासखंड समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय, सेक्टर प्रभारी संस्था अध्यक्ष घनश्याम पटेल, सह सेक्टर प्रभारी बसंत पटेल, बी एस डब्ल्यू छात्र हाकम अहिरवार, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बकेनी से अध्यक्ष यशवंत सिंह, सुरेंद्र कुमार खरे, संतोष कुमार अहिरवार, गोपाल अठ्या, सुग्रीव सिंह, सहित ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही। विकासखंड समन्वयक ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक महान आदिवासी नेता और स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 19वीं सदी के अंत में झारखंड क्षेत्र में ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष किया। उनका योगदान समाज में बहुत महत्वपूर्ण है बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के जल,जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए उलगुलान (महान विद्रोह) का नेतृत्व किया। उन्होंने अंग्रेजों और जमींदारों के शोषण के खिलाफ आदिवासी समुदाय को एकजुट किया। बिरसा मुंडा का जीवन और संघर्ष आदिवासी समाज और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अमर है। सेक्टर प्रभारी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने स्वतंत्रता संग्राम में अमूल्य योगदान दिया हैं हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन घनश्याम पटेल ने किया अंत में आभार व्यक्त बसंत पटेल ने किया।



# एसडीएमम ने मतदान केंद्रों पर बीएलओ को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह



निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण SIR कार्य जारी है जिसके तहत जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में हटा विधानसभा की ग्राम रनेह क्षेत्र में एसडीएम राकेश मरकाम, नायब तहसीलदार राजेश सोनी ने कार्य प्रपत्र वितरण किया। मतदाताओं को जानकारी देते हुए समीक्षा की। निर्वाचन क्षेत्र में बी एल ओ अपने-अपने मतदान केंद्र से जुड़े गांवों में घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक (फार्म) वितरित किए। फॉर्म भरकर मतदाताओं से वापस करने की अपील अधिकारियों ने की। वर्ष 2003 में हुए विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची में मैपिंग का कार्य भी बी एल ओ कर रहे हैं। लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान मतदान केंद्र क्रमांक 104 ककरा, मतदान केंद्र 105, 106, 107 रनेह, मतदान केंद्र 137, 138, 139 भैंसा, मतदान केंद्र 141 हिनमतपटी, मतदान केंद्र 144 बिजवार, मतदान केंद्र 145 बंधा, मतदान केंद्र 143 कौशलपुर, मतदान केंद्र 102 कुंवरपुर में एसडीएम राकेश मरकाम, नायब तहसीलदार हिनौता मंडल राजेश सोनी ने गणना पर्ची का वितरण और वापसी के कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही बी एल ओ एवं सहायक और ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायकों को एस आई आर के तहत आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बाल कलाकार हुए सम्मानित



**दमोह।** नीलम संगीत साधना केंद्र पर प्रतिवर्षानुसार बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया ,मुख्य अतिथि पं. श्याम सुंदर शुक्ल विशिष्ट अतिथि संगीता चौधरी ,अध्यक्ष दिनेश पटेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती का पूजन की, सरस्वती वन्दना ष हे शारदे मां अज्ञानता से मुझे तार दे मां संगीत साधना केंद्र के बच्चो ने प्रस्तुत कीष संगीत केंद्र की प्राचार्य, संचालिका डॉ.प्रेमलता नीलम ने अतिथियों का स्वागत कर प्रार्थना की ष मॉ वीणापाणी ऐसा कर दे ,भावसाधना को ऐसा वर दे । ह्रदय तार झंकृत होते रहें,हे पुस्तक धारिणी ऐसा स्वर दे ।ष ,पं श्याम सुंदर शुक्ल द्वारा रचित भारत वन्दना बाल कलाकारों ने प्रस्तुत की ष्जहां हिमालय गंगा यमुना पावन धारा है ,वह राम श्याम का देश हमारा भारत प्यारा है ।षसंगीतमय प्रस्तुति की अर्हम, दिव्यांश,आभास, सूर्याश,शुभम, वरणय मीनाक्षी, दिवयांसी, तान्या ,वरूणिका ,दिव्य श्री,अलंकृता ने ।मुख्य अतिथिफ शुक्ल के कर कमल से सभी बाल कलाकारों को ष्बाल प्रतिभा अलंकरणष से सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि श्याम सुंदर शुक्ल जी ने कहा नीलम संगीत साधना केंद्र में ष्बच्चों को भरपूर संगीत की शिक्षा दी जा रही है जो सराहनीय है नई पीढ़ी के बच्चे आगे बढ़ रहे हैं , कार्यक्रम मे अभिभावक रेखा पटेल,रोशनी यादव, डॉ दिलीप गुप्ता, रोशनी सोनी,अनिल पटेल सृष्टि पटेल उमेश राजभर, शेफाली की उपस्थिती रही संचालन संगीत आचार्य मुकेश दुवे ने किया ,आभार डॉ.प्रेमलता नीलम ने व्यक्त किया।

# हर्षोल्लास से मनाई बिरसा मुंडा जयंती



**तेंदूखेड़ा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तेंदूखेड़ा द्वारा आदिवासी समाज के महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं आध्यात्मिक गुरु धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीलेश यादव तथा युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष श्रीकांत पोर्ते की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी कांग्रेस सदस्यों ने श्री बिरसा मुंडा की प्रतिमा/तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। श्री बिरसा मुंडा (1875–1900) भारत के इतिहास में एक अद्वितीय व्यक्तित्व रहे हैं। उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध उलगुलान (विद्रोह) का नेतृत्व किया और मुंडा जनजाति के सांस्कृतिक एवं भूमि अधिकारों की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया। छोटानागपुर क्षेत्र में जन्मे 'धरती आबा' के विचार आज भी समाज को दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से तिलक राज, नोनीलाल परस्ते, गिरधारी परस्ते, रमेश पोर्ते, सुरेंद्र पोर्ते, रवि पोर्ते, गोलू पोर्ते, कमल सिंह लोधी, प्रदेश धुर्वे, चलन सिंह, नंदलाल, हाकम सिंह सहित अन्य कांग्रेसी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने सामाजिक सद्भाव, आदिवासी संस्कृति के संरक्षण एवं समानता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# कलेक्टर ने एएसआई की सराहना की



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज ग्राम फुटेरा कला में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (**SIR**) प्रशिक्षण के दौरान पहुंचे थे। यहां पर फुटेरा कला ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम की चौकी में पदस्थ एएसआई आनंद कुमार बच्चों को पढ़ाते भी हैं और खेल भी सिखाते हैं, खेलकूद भी सिखाते हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने इस दौरान श्री आनंद कुमार से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि यहां पर करीब 30 बच्चे उनके पास चौकी में पढ़ने आ रहे हैं, उनके यहां पर व्यवस्था की गई है कक्षाएं सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम को 5 से शाम 6 बजे तक लगाई जाती हैं। शाम को 6 बजे के बाद बच्चे यहां पर बैडमिंटन, कबड्डी आदि खेल खेलते हैं। उन्होंने बताया कि यह बच्चे वह बच्चे हैं जिनके माता-पिता दिल्ली या अन्य स्थानों पर अपने काम के लिए चले जाते हैं, बाहर चले जाने की वजह से बच्चों के नाम कट गए हैं और आने के बाद भी यहां पर स्कूल में या तो नाम लिखा भी है तो नहीं जा रहे हैं। वह कहते हैं कि ऐसे बच्चों को वह खेल-खेल में पढ़कर इस तरह से तैयार कर देंगे कि वह अगले सत्र में एडमिशन लेकर अपनी कक्षाओं में निरंतर पढ़ाई फिर से शुरू कर सकते हैं, ताकि एडमिशन लेने के बाद इन बच्चों को पढ़ाई में किसी तरह की दिक्कत ना आए। आनंद कुमार बताते हैं कि आज बाल दिवस के अवसर पर मैं बच्चों को लेकर स्कूल गया था। वहां पर उनको यह बताया गया कि किस तरह से अध्ययन होता है। स्कूल में बाल दिवस पर जाते थे इस तरह के कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर भी मिलता, उनका कहना है कि इन बच्चों को वह आम बच्चों की तरह उनके साथ बराबरी पर लाना चाहते हैं, इसलिए इस तरह की कक्षाएं वह चला रहे हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की।

### इमलिया में कार्यक्रम संपन्न

# धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती पर दमोह विधानसभा क्षेत्र के ग्राम इमलिया में पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक दमोह जयंत मलैया के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नारायण कबीरपंथी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, रमन खत्री, अखिलेश हजारी, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, आदिमजाति कल्याण विभाग की जिला संयोजक अदिति शांडिल्य, भूपति सिंह मरकाम, श्यामा ऊरेती, रितु पांडे, गिरजा साहू, कपिल सोनी, मोन्टी रैकवार, बिल्लू बाधवा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे।

दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2021 में 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप मंं घोषित किया गया, ताकि जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके संघर्ष को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल सके। यह दिवस महान आदिवासी क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने कहा जनजातीय समुदाय ने स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय योगदान दिया है। रानी दुर्गावती, राजा शंकरशाह, रघुनाथ शाह, मामा टट्या भील और भगवान बिरसा मुंडा जैसे महापुरुषों ने देश की अस्मिता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए बलिदान दिया। विधायक श्री मलैया ने कहा बिरसा मुंडा को धरती बाबा के नाम से जाना जाता है, क्योंकि 19 वीं सदी में अंग्रेजों की कुटिल नीतियों से जल, जंगल, जमीन और आदिवासी संस्कृति पर खतरा मंडरा रहा था। इस अन्याय को देखकर बिरसा मुंडा ने लोगों को संगठित किया और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष का नेतृत्व किया।

पूर्व मंत्री नारायण कबीरपंथी ने कहा अंग्रेजों के विरूद्ध 1857 से लेकर 1947 तक 90 वर्षो में अनेक युवाओ ने देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और अपने प्राणों की आहूति दे दी, उनके इस बलिदान ने देश को स्वतंत्रता दिलायी।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा नई पीढ़ी को याद रखने की आवश्यकता है जिस प्रकृति को अपना भगवान मानते है, प्रकृति पूजक है, सनातन की वह जड़ भी है, सनातन धर्म वही से प्रकट हुआ है, हमारी संस्कृति हमारी पहचान है, यह कभी न मिटे इन सभी बातो को ध्यान में रखकर भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते है। उन्होने कहा भगवान बिरसा मुंडा ने अपने जीवन में संघर्ष किये अपना बलिदान दिया और लोगो को संदेश दिया अपने प्रकृति व देश की रक्षा करें।

इसके पूर्व भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती पर आदिवासी समाज द्वारा एक रैली निकाली गई जो ग्राम में घूमकर कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन पं. विपिन चौबे ने किया।

# दो दिवसीय चंडी मेले का समापन



## पारंपरिक रौनक और आधुनिकता का संगम, हजारों की उमड़ी भीड़

**बनवार।** जनपद जबेरा के ग्राम हिनौतीठेंगापट्टी में आयोजित दो दिवसीय पारंपरिक चंडी मेले का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। दीपावली और देवउठनी एकादशी के बाद शुरू होने वाले ग्रामीण मेलों की श्रृंखला में यह मेला विशेष पहचान रखता है। प्राचीन परंपराओं, सांस्कृतिक रस्मों और आधुनिक हलचल के साथ यह मेला इस वर्ष भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। मेले के समापन अवसर पर आसपास के गांवों से महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की बड़ी संख्या उमड़ी। ग्रामीणों के अनुसार यह मेला सैकड़ों वर्षों से चली आ रही परंपरा के रूप में यहां आयोजित होता है, जिसमें चंडी माता की पूजा, ग्वालों का दिवारी नृत्य और सांस्कृतिक रीति-रिवाज विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहते हैं। मेले की शुरुआत चंडी माता मंदिर से लेकर खेर माता मंदिर तक ग्वालों के समूह द्वारा दिवारी गीत गाते और नृत्य प्रस्तुत करते हुए हुई। पूजा-अर्चना के बाद औपचारिक रूप से चंडी मेले का उद्घाटन हुआ। ग्रामीण हेमेंद्र असाटी राजन, नरेंद्र सेन, रामजी महोबिया, गोपी सेन, विशाल महोबिया, राम सेन, रूपेश पटेल, दुर्गेश सेन, विजय सेन, सुरेंद्र सेन और कड़ोरी सेन ने बताया कि इस मेले की लोकप्रियता साल-दर-साल बढ़ती जा रही है और इसका इंतजार पूरे क्षेत्र में उत्साह के साथ किया जाता है। इस वर्ष मेले में 1000 से अधिक छोटी-बड़ी दुकानें लगीं, जिनमें घरेलू उपयोग की वस्तुएँ, कपड़े, खिलौने, बर्तन, लकड़ी के सामान, देसी मिठाइयाँ, चाट-पकौड़ी से लेकर सौंदर्य प्रसाधन तक हर प्रकार की सामग्री उपलब्ध रही। किफायती दाम और विविधता के कारण हर वर्ग के लोगों ने जमकर खरीदारी की। चंडी मेले में पारंपरिक संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत मिश्रण देखने को मिला। जहां एक ओर लोकनृत्य, दिवारी गीत और धार्मिक आस्था की झलक थी, वहीं दूसरी ओर दुकानों की चहल-पहल, खाने-पीने के स्टॉल और मनोरंजन के साधनों ने मेले को और भी जीवंत बनाया। इस तरह चंडी मेले का दो दिवसीय उत्सव धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक उत्साह और ग्रामीण एकजुटता का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# भगवान बिरसा मुंडा का जन्म दिवस मनाया



**सगोनी।** भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयंती जन्म दिवस के अवसर पर पूरा देश उनकी याद में जगह-जगह रैली प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उसी क्रम में पटेरा विकासखंड के ग्राम पंचायत गाडाघाट के ग्राम कुसमी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में जय मां लक्ष्मी ग्रामोत्थान समिति पटेरिया की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से ग्राम कुसमी की गलियों में रैली का आयोजन करते हुए भगवान बिरसा मुंडा और भारत माता की जय के नारे के साथ रैली निकाली गई,जिसमें ग्राम के आदिवासीयों के साथ बच्चों महिलाओं नवांकुर संस्था के अध्यक्ष मुलाम राय व ग्राम पंचायत सरपंच,सचिव, रोजगार सहायक सचिव,जनपद सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताए,आशा कार्यकर्ताए,के साथ ग्रामीणों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया,रैली आयोजन के बाद ग्राम कुम्हारी में एक विशाल चौपाल का आयोजन जनपद पंचायत पटेरा के द्वारा किया गया,कार्यक्रम में सबसे पहले भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर उपस्थित जनों द्वारा पुष्प गुच्छ और रोली से तिलक लगाकर बंदना की जिससे हटा विधायक उमादेवी खटीक द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के विचारों जीवन परिचय के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए ,बताया कि- बिरसा मुंडा ने बाल्यकाल से ही अंग्रेजों के अत्याचार तथा धर्म के परिवर्तन के आघात को महसूस किया उन्होंने इसके विरोध में 11 वर्ष की आयु में ही अपने विद्यालय में फादर से धर्म की परिभाषा तथा धर्म धारण करने पर वक्तव्य प्रस्तुत किए न केवल आदिवासी समुदाय को वापस हिंदू धर्म में शामिल किया बल्कि अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोलकर देश को आजादी दिलाने में और आदिवासियों के बीच जन जागृति लाने मे महत्वपूर्ण योगदान दिया, गौ सेवा घर घर तुलसी पूजन

**खबर संक्षेप**

## वृद्धाश्रम में मनाया बाल दिवस

**दमोह।** शासन के आदेशानुसार बाल दिवस पर वृद्धों की सेवा करने हेतु जागरित करने के लिए वृद्धाश्रम पहुंचकर बच्चों एवं स्टाफ ने फल वितरित किए। वृद्धों ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात बच्चों को स्वदेशी मेला की सेर कराते हुए स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया गया। प्राचार्य नाजिर खान के साथ बाल दिवस कार्यक्रम नोडल आरजी चौधरी, वंदना सोनी, डॉ आशा जैन, इसरार खान, सोनिका सोनी, अजय स्वर्णकार, अब्दुल रशीद, एस पी जैन, रेखा नायक, वेद प्रकाश खरे, प्रीति जैन, अर्जित खरे, आफरीन खान ने संपूर्ण कार्यक्रम में सहभागिता।

## शक्ति केंद्रों की बैठक संपन्न

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल मंडल दमोह के शक्ति केंद्रों में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के नेतृत्व में विशेष गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में बैठक आयोजित की गई। शक्ति केंद्र 8 मांगज वार्ड 3, बजरिया वार्ड 1 शक्ति केंद्र 6 असाटी वार्ड 1, 2, नया बाजार वार्ड 1 में बैठक में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया एवं मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर महत्वपूर्ण चर्चा की। मांगज वार्ड की बैठक में जिलामंत्री भरत यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश जाटव, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा राज, पार्षद बालकिशन यादव, मंडल उपाध्यक्ष देवल कटारिया, मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह ठाकुर, आलोक मुखरैया, कृष्णा तिवारी, सत्यम चौबे, श्याम अग्रवाल, डी के रोहित सहित सभी बूथों के बीएलए-2 एवं उपस्थित रहे। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए बूथस्तर पर आवश्यक दिशानिर्देशों एवं जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई तथा संगठन को अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

## फतेहपुर बस स्टैंड पर नही है स्पीड ब्रेकर

**फतेहपुर।** बटियागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अजबधाम फतेहपुर में बस स्टैंड पर ब्रेकर ना होने की वजह से कई तेज रफ्तार वाहन धडल्ले फर्राटे भरते हुये निकलते है जिससे हादसे का भय बना रहता है। शासन प्रशासन इस और ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि ग्रामीणों का कहना है की ब्रेकर ना होने की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं। वही ग्रामीणों के अंदर हादसों का डर अब भी बना रहता है। ग्रामीणों की प्रशासन से यही गुजारिश है कि फतेहपुर बस स्टैंड पर ब्रेकर बनवाए जाएं ताकि हादसों का डर ना रहे।

### पुणे से लौटे किसान का शव खेत में मिला, पुलिस जांच में जुटी

# खेत में सो रहे किसान की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





जिले के जबेरा थाना क्षेत्र में एक किसान की हत्या का मामला सामने आया है। मुंडेरी ग्राम पंचायत के पुरेनहाऊ गांव में छिंथा तालाब के पीछे शनिवार सुबह खेत में एक किसान का खून से लथपथ शव मिला। पुलिस इसे हत्या मान रही है, लेकिन आरोपी अभी अज्ञात है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय बेनी प्रसाद कड़ेरे के रूप में हुई है। उनके बेटे अशोक कड़ेरे ने बताया कि बेनी प्रसाद एक सप्ताह पहले ही पुणे से मजदूरी कर गांव लौटे थे। वह तब से खेत में सिंचाई के लिए रुक रहे थे। अशोक कड़ेरे ने बताया कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे वह अपने जीजा हीरालाल के साथ पिता को खाना देने खेत पर गए थे। पानी की मोटर चालू करने के बाद वे घर लौट आए और बेनी प्रसाद खेत में बनी झोपड़ी में सो गए। शनिवार सुबह जब अशोक अपने जीजा के साथ दोबारा खेत पर पानी की मोटर देखने पहुंचे, तो उन्होंने पिता को आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। झोपड़ी में जाकर देखा तो बेनी प्रसाद का शव खाट के नीचे खून से लथपथ पड़ा था। उनके सिर, गर्दन और मुंह पर किसी धारदार हथियार से वार के गहरे घाव थे। सूचना मिलते ही जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। एसडीओपी देवी सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और उन्हें उम्मीद है कि एक सप्ताह के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मुनि श्री समत्त्व सागर जी की हुई भव्य आगवानी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आचार्य प्रवर विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री समत्व सागर जी महाराज एवं मुनि श्री शील सागर जी महाराज का नरसिंहगढ से दमोह नगर आगमन हुआ समाज के द्वारा उनकी मंगल अगवानी की गई। मुनि संघ के मंगल आगमन पर अनेक स्थानों पर रंगोली सजाकर श्रावक श्राविकाओं के द्वारा पद प्रक्षालन किया गया एवं आरती उतारी गई ढोल नगाडों के साथ मुनि संघ को घंटाघर से होते हुए नन्हे मंदिर एवं सिंघई मंदिर धर्मशाला ले जाया गया मंगल अगवानी में कुंडलपुर कॉमेटी के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघई दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंघई महामंत्री पदम खली नवीन निराला, श्रावक कल्याण समिति के महामंत्री सुनील वेजीटेरियन, युवा विद्वान प्रदीपशास्त्री रिंकू सिंघई विनय सरल आकाश सेठ अक्षय सेठ आदि की विशेष उपस्थिति रही। सिंघई मंदिर में पहुंचने पर महिला मंडल के द्वारा मंगल कलश के साथ मंगल अगवानी की गई। इसके पूर्व पलिंदी मंदिर एवं नन्हे मंदिर महिला मंडल के द्वारा भी सुंदर कलश के साथ मंगल अगवानी की गई। सिंघई मंदिर में मुनि श्री ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि मनुष्य योनि बहुत दुर्लभता से प्राप्त होती है। द्रव्य क्षेत्र भाव और निमित्त के मिलने पर मोक्ष प्राप्ति के अवसर को नहीं खोना चाहिए। बुंदेलखंड का बहुत बडा सौभाग्य है कि यहां पर संतों का सानिध्य मिलता ही रहता है किंतु दमोह वाले बहुत पुण्यशाली हैं जिन्हें बड़े बाबा का चरण सानिध्य प्राप्त है।

### महादेव घाट पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित

# जनजातीय गौरव दिवस पर निकाली 8 किमी पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार





जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में ग्राम माला मानगढ़ से महादेव घाट (रोड़) तक लगभग 8 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली गई। इस ऐतिहासिक यात्रा के समापन पर महादेव घाट पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया गया, जिसमें मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और समूह सांसद ने हिस्सा लिया। यह आयोजन भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर किया गया, जो आदिवासी समाज के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। पदयात्रा में आदिवासी समाज के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं और भारतीय ज नता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या ने भाग लिया और समर्पण का प्रतीक बने।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में आदिवासी बेटियों ने दिखाया साहस**

कार्यक्रम स्थल पर आयोजित मंचीय समारोह में आदिवासी समाज की बेटियों ने साहसिक और पारंपरिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने समाज की वीरता, संघर्ष और एकता की गौरवशाली परंपरा को उजागर किया। संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने इस अवसर पर कहा, "भगवान बिरसा मुंडा ने हमें संघर्ष, एकता और हमारे अधिकारों के लिए लडऩे का पाठ पढ़ाया। उनके आदर्शों को अपनाकर हम समाज में एकता और समानता की भावना को मजबूत कर सकते हैं।" मंत्री ने आगे कहा, ?सिंग्रामपुर में रानी दुर्गावती की मूर्ति और महादेव घाट (रोड़) में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को प्रगाढ़ करती हैं। भविष्य में तेंदूखेड़ा में राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह की प्रतिमाओं की स्थापना भी की जाएगी, ताकि उनके योगदान को याद किया जा सके।

सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा सुखद संयोग है, तीन-तीन महापुरुषों के डेढ़ सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं, सरदार वल्लभभाई पटेल की डेढ़ सौ वीं जयंती, भगवान बिरसा मुंडा की भी डेढ़ सौ वीं जयंती है, वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण हुए हैं 1 एक भारत, अखंड भारत, श्रेष्ठ भारत की कल्पना जो देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लेकर चले हैं, उस कल्पना को साकार करने के लिये और संस्कृति को जीवित रखने के लिये यह क्रम चल रहा है और चलता रहेगा।

कार्यक्रम में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, भा.ज.पा. दमोह जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से यह आयोजन और भी प्रभावशाली बना।

# खुलासाः खेती में लेनदेन के विवाद पर से की थी हत्या

### पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, खेती के दो पार्टनर सहित एक नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



देहात थाना अंतगर्त 11.12 नवंबर की दरम्यानी रात लाडन बाग बरिया वाले खेत मे मुकेश यादव निवासी पुराने आरटीओ के पास की हत्या कर दी गई थी। इस अंधे कत्ल में मुकेश के खेतिहर पार्टनरों पर हत्या की आशंका जताई जा रही थी। वहीं 15 नवंबर की शाम एसपी श्रुतकीर्ती सोमवंशी द्वारा किए गए खुलासे से साफ हो गया कि साथियों ने ही मुकेश की हत्या की थी। मामले में देहात थाना पुलिस ने तीन आरोपियो को राउण्ड अप किया है जिनमे एक प्रकरण का मुख्य आरोपी अपचारी बालक तथा दो आरोपी मृतक के खेती के पार्टनर है। पूछताछ पर गिरफ्तार आरोपियो ने बताया कि वह मुकेश यादव के साथ ठेका की जमीन मे पार्टनर थे। इस बार फसल मे नुकसान होने की बजह से आरोपी राजा उर्फ बाबा यादव निवासी पिपरिया अहीर द्वारा मका से भरी ट्राली चोरी कर ले जाने की फिराक में था तभी मुकेश ने देख लिया व रोक कर वापिस रखवा दी। इसी बेज्जती का बदला लेने तथा मुकेश द्वारा हिस्से का पूरा पैसा वापिस न करने के विवाद के कारण योजना बनाकर मुकेश यादव की कुल्हाडी से मार कर हत्या कर दी गई थी। प्रकरण में सराहनीय कार्य करने वालों में निरीक्षक रचना मिश्रा उप निरीक्षक प्रसीता कुर्मी सउनि अकरम खान अभय सिंह के साथ पुलिस एवं साईबर टीम का योगदान रहा।

# 10 किलो गांजा सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**दमोह।** दमोह कोतवाली पुलिस ने 10 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा लिए एक आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर सूचना तंत्र मजबूत किया जिसके तारतम्य में दिनाँक 14.11.2025 की रात्रि में कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर के.एन. कालेज के पीछे का गेट एक्सीलेंस स्कूल का खेल ग्राऊंड दमोह मे रेड कार्यवाही कर आरोपी शेरु उर्फ जितेन्द्र सिंह पिता रामू उर्फ नरेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 40 साल निवासी ग्राम अभाना थाना नोहटा जिला दमोह के कब्जे से 10 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 1 लाख 50 हजार रुपये का जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्र. 901/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियो को माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा। आरोपियो में शेरु उर्फ जितेन्द्र सिंह पिता रामू उर्फ नरेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 40 साल निवासी ग्राम अभाना थाना नोहटा जिला दमोह को गिरफ्तार किया है। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी / कर्मचारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, उप निरीक्षक वंदना गौर, प्रआर, अभिषेक चौबे, प्रआर देवेन्द्र रैकवार, प्र.आर महेश यादव, आर. नरेन्द्र पटेरिया, आर. मनोज पाण्डेय, आर बेनी प्रसाद, आर. प्रदीप चौधरी, नवल किशोर यादव आर. कृष्णकांत व्यास, आयुष मिश्रा शामिल रहे।

# बीएलए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

पटेरा में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार विधान सभा 57 के ब्लाक पटेरा में बूथ लेवल एजेन्ट का मतदाता सूचि प्रशिक्षण (SIR) ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन संभागीय प्रभारी नीलू पाठक, संजय पटेरिया जिला प्रशिक्षण प्रभारी, लालचंद राय जिला संगठन मंत्री प्रदीप पटेल, गोलू सराफ की उपस्थिती में आयोजित किया गया। कार्यक्रम आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पटेरा द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में पटेरा से नन्दे चौरसिया, नवाब सिंह सोलंकी, पवन पालीवाल, महेश जैन, मगन आदिवासी, भरत ताम्रकार कलीमुद्दीन खान, सचिन शुक्ला, हनी ताम्रकार, निखिल जैन, अतुल जैन, पर्वत सिंह, पार्षद गनपत कोरी, दिलीप अहीरवाल, पार्षद चंदा बाई, मुन्नालाल कोरी, मुन्ना बंसल, समस्त बी एल ए एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

## 25 नवम्बर को रोजगार मेला

दमोह। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया 25 नवम्बर को युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन पॉलीटेक्निक कॉलेज दमोह में किया जा रहा है। इस बार मेले का फोकस दो मुख्य बिंदुओं पर रखा गया है पहला, अधिकतर युवाओं को दमोह, सागर और जबलपुर में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। दूसरा, महिलाओं के लिए बड़ी संख्या में रिक्त पद रखे गए हैं।

# फिरौती के लिए अपहरण करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शराब दुकान मैनेंजर एवं दो कर्मचारियों का अपहरण कर तीन लाख की फिरौती मांगने के 5 में से 4 आरोपियों को 24 घंटे में गिरफतार न्यायालय में पेश किया गया हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अमित पिता महाराणा प्रताप सिंह मैनेजर कम्पोजिट शराब दुकान तेन्दूखेडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमें बताया गया कि रात्रि समय करीब 12.05 बजे की बात है कि मैं और मेरे साथी पुष्पेन्द्र जायसवाल, हेमन्त जोशी, मनीष उर्फ चंदन लोधी, पहाड सींग लोधी शराब दुकान के बाहर दुकान बंद करके खडे थे, तभी एक काले रंग की थार गाडी एंव एक काले रंग की किया गाडी में सुदीप लोधी निवासी वार्ड नं. 09 तेन्दूखेडा, धर्मेन्द्र लोधी निवासी नरगुँवा, सन्नी सरदार निवासी बस स्टेन्ड के पास तेन्दूखेडा, राघवेन्द्र लोधी निवासी पाटन, सुमित मिश्रा निवासी तेन्दूखेडा आएं और हम सभी को गाली गलौच कर कहा कि तेन्दूखेडा में शराब दुकान नहीं चला पाआगे और पाँचो लोगो ने मिलकर हेमन्त मनीष और पहाड सींग को पकड लिया और जबरजस्ती किया कार में पीछे की सीट पर बिठा दिया और पांचो बोले तीन लाख रूपये लेकर आओ नही तो तीनो का मर्डर करके नदी में फेंक देंगे। और मेरे तीनों साथी हेमन्त, मनीष और पहाड सींग का अपहरण कर ले गये। जाते जाते बोले कि फिरौती के तीन लाख रूपये पाटन टोल के आगे दीपू ढाबा पर लेकर आओ नही तो तीनों का मर्डर कर देंगे। रिपोर्ट पर थाना तेंदूखेडा में अपराध क्र. 471@25 धारा 140(2), 296,190,191,351(3) बीएनएस का कायम किया गया। तेंदूखेडा पुलिस व्दारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रकरण के चार आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया एवं घटना में प्रयुक्त एक बिना नंबर की थार कार जप्त कर आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण में आरोपी धर्मेन्द्र लोधी एवं सुदीप लोधी थाना के गुण्डा बदमाश होकर पूर्व में जिला बदर रहे हैं तथा प्रकरण में अन्य आरोपी राघवेन्द्र लोधी उर्फ राघवेन्द्र मम्मा निवासी पाटन का फरार है जो पाटन थाना के मर्डर के केस में जेल से पेरौल पर चल रहा था। जिसकी तलाश जारी है।

पुलिस ने सुदीप पिता स्व.श्री बकील सिंह लोधी 25 निवासी वार्ड नंबर 10 तेंदूखेडा, धर्मेन्द्र पिता खिलान सिंह लोधी 34 निवासी ग्राम नरगुंवां थाना तेंदूखेडा, अमनजीत उर्फ सन्नी पिता मनजीत सिंह खुराना 24 निवासी वार्ड नं. 08 बस स्टैण्ड तेंदूखेडा, सुमित पिता जयप्रकाश मिश्रा 19 निवासी वार्ड नं. 10 तेंदूखेडा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी तेंदूखेडा उनि. नीतेश जैन, सउनि गजराज सिंह, प्रआर. बृजेश, सलीम, यासीन, राजकुमार, केवल, महेश, रवि आर. नीरज, विशाल, शैलेन्द्र, राममिलन का विशेष योगदान रहा।

# मैराथन दौड़ कीर्ति स्तंभ से आज प्रातः 07 बजे से

**दमोह।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के शुभारंभ पर आज 16 नवंबर को भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा। इस सबंध में सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने बताया दमोह में सांसद खेल महोत्सव 2025 के शुभारंभ अवसर पर भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा हैं। आयोजन की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे द्वारा की जाएगी। मैराथन का शुभारंभ प्रातः 07 बजे कीर्ति स्तंभ दमोह से होगा। दौड़ का निर्धारित मार्ग अंतर्गत कीर्ति स्तंभ, कोऑपरेटिव बैंक चौराहा, बस स्टैंड, स्टेशन चौराहा, राय चौराहा, घंटाघर, अंबेडकर चौराहा पुनः कीर्ति स्तंभ दमोह पर समापन किया जायेगा। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को उक्तानुसार पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इनमें प्रथम स्थान 7100, द्वितीय स्थान 5100 एवं तृतीय स्थान 3100 रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी।

**न्यायालय, सहायक अधीक्षक, नजूल नवकरण दमोह, जिला-दमोह (म.प्र.)**

राज.प्र.क.- ...../अ-6/2025-26

**इश्तहार**

मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 (3) के अंतर्गत सर्वसाधारण को इश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि नजूल शीट नं. 62 प्लाट नं. 167 में से रकवा 750 वर्गफुट एवं शीट नं. 62 प्लाट नं 167/40 में से रकवा 150 वर्गफुट पर क्रमशः लेखनचंद, भागचंद पिता पंचमलाल जैन सा. माडनखेडा एवं कस्तूरी बाई पिता ठा. हम्मीरसिंह राजपूत सा. दमोह धरमपुरा का नाम दर्ज है। विषयांकित संबंध में लेख है विषयांकित संबंध में लेख है कि आवेदक राजेश कुमार खरे पिता स्व. माधव प्रसाद निवासी सिविल वार्ड नं. 07. दमोह मोबा. नं. 9826169120 द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि नजूल शीट नं. 62 प्लाट नं. 167 में से रकवा 750 वर्गफुट एवं शीट नं 62 प्लाट नं 167/40 में से रकवा 150 वर्गफुट फौतीनामांतरण के आधार पर नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है। यदि उक्त फौतीनामांतरण के आधार पर नामांतरण होने से यदि किसी व्यक्ति या भूमि से हित रखने वाले पक्षकार को यदि कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं, लिखित अथवा विधिक प्रतिनिधि द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 20.11.2025 तक न्यायालयीन समयावधि में प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्यांद के किसी तरह की कोई आपत्ति ग्राह्य नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 04.11.2025 को जारी किया गया

सहायक अधीक्षक
नजूल नवकरण दमोह